# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. चक्रधरपुर के पास हावड़ा–मुम्बई मेल हुई दुर्घटनाग्रस्त, अट्ठारह बोगियां पटरी से उतरीं, दो यात्रियों की मौत, 20 घायल।
2. रेल दुर्घटना के कारण हावड़ा–मुम्बई मुख्य रेल मार्ग की कई ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले गए।
3. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्ष ने सरकार को घेरा, पांच लाख रोजगार देने के मुद्दे पर मांगा सत्तापक्ष से जवाब।
4. राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार कल राज्यपाल पद की लेंगे शपथ, आज पहुंचेंगे रांची।

********************

हावड़ा–मुम्बई मार्ग पर चक्रधरपुर के पास आज अहले सुबह रेल दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना में हावड़ा–मुम्बई मेल की 20 बोगियां पटरी से उतर गयीं। इस घटना में दो यात्रियों की मौत हो गयी है वहीं 20 घायल हैं। जिले के उपायुक्त ने बताया कि सभी वरीय अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इधर घटना की सूचना मिलते ही डीआरएम और रेलवे के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। बचाव और राहत कार्य पूरा कर लिया गया है।

इधर यात्रियों ने बताया कि अहले सुबह अचानक तेज आवाज हुई और ट्रेन पटरी से उतर गयी।

********************

हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत बड़ाबांबो स्टेशन के पास आज तड़के हुई रेल दुर्घटना के कारण इस मार्ग पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली एवं छूटने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं कुछ ट्रेनों को डाइवर्ट कर गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हावड़ा–बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस, हावड़ा कांटाबिंजी इस्पात एक्सप्रेस और खड़गपुर–धनबाद एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। जबकि एर्नाकुलम–टाटा एक्सप्रेस को चक्रधरपुर में, बिलासपुर–टाटा को राउरकेला में और हावड़ा–चक्रधरपुर एक्सप्रेस को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया है। दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड के भूस्खलन में मृतकों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से भी बात की। उन्होंने केंद्र से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

********************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन आज भारतीय जनता पार्टी ने रोजगार के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरने का काम किया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां लेकर रोजगार के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। भाजपा विधायक जानना चाह रहे थे कि 5 लाख रोजगार देने वाले सरकार के वादे कहां गए। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि राज्य में आज ऐसी स्थिति बन गई है कि सरकारी विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर हैं।

********************

राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल संतोश गंगवार कल राज्यपाल पद की शपथ लेंगे। श्री गंगवार आज रांची स्थित राजभवन पहुंचेंगे। राजभवन में कल कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। राजभवन में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। श्री गंगवार झारखंड के बारहवें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

*******************

देवघर राजकीय श्रावणी मेला के दूसरी सोमवारी को करीब छह लाख श्रृद्धालुओं ने जलार्पण किया। जिला प्रशासन की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि श्रद्धालुओं के लिए सोमवार पर विशेश व्यवस्था की गई थी ताकि किसी को परेशानी न हो।

*******************

कोल्हान प्रमंडल में प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा असंवैधानिक तरीके से जमीन अधिग्रहण एवं स्थानांतरण करने के विरोध में 31 जुलाई को विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा कोल्हान बंद का आह्वान किया है। संगठन के दसाई माझी और इंद्रा हेंब्रम के नेतृत्व में जमशेदपुर के करनडीह चौक में पदयात्रा कर लोगों के बीच बंद की जानकारी दी।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने के लिए झारखंड नवनिर्माण समिति द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

*******************

14वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में चतरा के इटखोरी प्रखंड के आषाढ़हीया के रहने वाले ईशान गौतम ने प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण जीत कर राज्य के सर्वोत्तम तैराक बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का आयोजन रांची के वीर बुद्धू भगत स्टेडियम में 26 से 28 जुलाई के बीच हुआ था।

**************